सार-समाचार

सीबीईओ व्यास का अभिनंदन

रतनगढ़ (निसं)। बेसिक कंम्प्यूटर अनुदेशक संघ द्वारा सोमवार को एक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कंम्प्यूटर अनुदेशक संघ रतनगढ़ की ओर से एक अनोखा और तकनीकी दृष्टि से उन्नत आधारित मोमेंटो भेंट किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित कंम्प्यूटर अनुदेशकों ने बताया कि यह मोमेंटो डिजिटल तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें मोबाइल फोन से स्कैन करने पर संबंधित जानकारी और शुभकामनाएं संदेश वर्चुअल रूप से दिखाई देती हैं। यह तकनीक शिक्षा क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। व्यास ने इस अभिनव उपहार के लिए कंम्प्यूटर अनुदेशक संघ रतनगढ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल भविष्य की तकनीकी शिक्षा का संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि कंम्प्यूटर अनुदेशकों की भूमिका आज के डिजिटल युग में अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे प्रयासों से शिक्षा व्यवस्था में और अधिक गुणवत्ता लाई जा सकती है। अभिनंदन कार्यक्रम में रतनगढ कंम्प्यूटर अनुदेशक संघ अध्यक्ष अतुल मंगलहारा, कार्यकारिणी सदस्य श्री विशाल शर्मा, दिनेश चोटिया,विक्रम सैनी, भानुप्रताप शर्मा, गौरव शर्मा आदि कंम्प्यूटर शिक्षक उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल तकनीक के प्रति समर्पण को दर्शाता है, बल्कि शिक्षक समुदाय के भीतर सकारात्मक बदलाव और नवाचार की भावना को भी उजागर करता है।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

सादुलपुर, (निसं)। चूरू जिले की राजगढ तहसील के गांव भोजाण के सुल्ताना जोहड की गोचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने के आरोप का मामला सामने आया है। सोमवार को दोपहर एक बजे मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बतया कि तहसीलदार को एक शिकायत पत्र सौंपा है। जिसमें भोजाण गांव में सुल्ताना जोहड नामक स्थान पर खसरा संख्या 71 में 4.3 हेक्टेयर गैर मुमकिन गोचर भूमि स्थित है। यह सरकारी जमीन आवारा पशुओं और गायों के चरागाह के लिए आरक्षित है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कामाण गांव के निवासी रामचंद्र पुत्र रामकरण जाट ने इस गोचर भूमि के पूर्वी हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। यह भूमि चारों तरफ से खातेदारी कृषि भूमि से घिरी हुई है। राजेश लाखलाण, रामनिवास सांगवान ने तहसीलदार से मांग की है कि इस अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि यह भूमि राज्य सरकार द्वारा पशुओं के लिए आरक्षित की गई है और इसका संरक्षण आवश्यक है। इसी दोरान कामाण गांव के राजेश, रामनिवास सांगवान, राजेश कुमार, संजय बेनिवाल, मनोज लाखलाण, जयसिंह रजनीवाल, दारासिंह, सुरेश कुमार बेनिवाल, विक्रम रजलीवाल, सतपाल बेनिवाल, महेन्द्र सिंह लाखलाण, करण सिंह निमल सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मोबाइल की दुकान में चोरी का प्रयास

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ में बिजली बोर्ड के सामने एचडीएफसी बैंक के पास एक मोबाइल की दुकान का रविवार व सोमवार की रात्रि को ताले तोडने के प्रयास के आरोप का मामला सामने आया है। सुबह 11 बजे दी जानकारी के अनुसार दुकान के सामने लगे लोहे के चैनल गेट को गाडियों से टक्कर मारने के निशान भी दिखाई दिए हैं। साथ ही ताले भी तोडने का प्रयास किया गया। दुकान मुख्य सडक मार्ग पर होने की वजह से संभवत्या पुलिस गस्त को देख कर चोर भाग गए होंगे, मगर चोरी करने का भरपूर प्रयास किया गया। राजगढ थाना पुलिस को घटना की पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद राजकुमार हैड कास्टेबल ने मय पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना का मौका निरिक्षण किया। इस संबन्ध में दुकानदार मोहम्मद हुसैन ने बताया कि दुकान में चोरी का प्रयास किया गया है, लोहे के चैनल के गेट में पर गाडियों की टक्कर मारी गई है, साथ ही टायरों के निशान भी पडे हैं। संभवत्या पुलिस की मुस्तेदी ओर गस्त की वजह से अज्ञात चोर चोरी नहीं कर पाए। हो सकता है कि ताले तोडते समय पुलिस गस्त की कोई गाडी आई हुई दिखाई दी होगी जिसे देख कर भाग गए होंगे, लेकिन चोरी की बडी वारदात होते-होते टल गई।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव का स्वागत

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर से विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट मुकेश रामपुरा का इंदौर पंहुचने पर भव्य शानदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। सोमवार दोपहर तीन बजे जारी प्रेसनोट के अनुसार विप्र फाउडेशन के जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश जोशी ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट मुकेश रामपुरा अपने परिवार सहित निजी धार्मिक यात्रा पर गये हुए थे और जब वो इंदौर पँहुचे तो हरियाणा राजस्थान ब्राह्मण समाज ने उनका परिवार सहित स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर मुकेश रामपुरा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सबको साथ लेकर चलने वाला समाज है, ब्राह्मण एक जाति ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जो के सर्व समाज के हित और अच्छे के लिए मनोकामना करती है। इंदौर में प्रवासी हरियाणा व राजस्थान के समाज के लोगों ने रामपुरा का माला, दुपट्टा साफा पहनाकर स्वागत किया साथ में धर्मपत्नी मुन्नी देवी का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर जयपाल शर्मा, विकास शर्मा, राकेश शर्मा, विजय शर्मा, मुकेश शर्मा, सज्जन शर्मा, रोशन शर्मा, विनोद शर्मा, पवन शर्मा, नीरज शर्मा, युवराज गॉड, फुलाराम दीक्षित, राधेश्याम शर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं मुकेश रामपुरा ने इतना मान सम्मान देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

नेचर पार्क में परिंडे लगाए

चूरू (निसं)। लायंस क्लब की ओर से सोमवार को नेचर पार्क में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि लायंस क्लब चूरू के अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एम.जे.एफ अनुराग शर्मा ने कहा कि यह पहल भीषण गर्मी को देखते हुये पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई, जिससे पक्षियों को राहत मिल सके। गौरतलब है कि नेचर पार्क एक विशाल क्षेत्रीय पार्क है, जहां विभिन्न पक्षी प्रजातियों का प्राकृतिक आवास है। इस अवसर पर लायंस क्लब के संजय कस्वां, बालकृष्ण राजगढिया, चंद्रप्रकाश खत्री, आबिद खान, मंगतू राम तंवर, दीनदयाल सैनी, ताराचंद प्रजापत, ओम प्रकाश बैरवा सहित सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रप्रकाश शर्मा व विकास जांगिड ने भाग लिया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और जीवों के लिए दया भाव बनाए रखना है। क्लब भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को जारी रखेगा।

सम्मान समारोह का आयोजन

सादुलपुर (निसं)। मौलाना आजाद अंजुमन सोसायटी सादुलपुर के तत्वाधान में सोमवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित परीक्षा 2024-25 में 12वीं कक्षा की छात्रा सबा इश्म ने 95.80 प्रतिशत अक तथा 10 की कक्षा के छात्र मोहम्मद असजाद रजा कादरी ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। दोपहर तीन बजे दी गई जानकारी के अनुसार दोनों बहन-भाई है तथा कारी नदीमुल कादरी के बच्चे हैं, जो स्वयं मदरसा जामा राजगढ में कुरआन हाफीज करने वाले बच्चों को कुरआन की तालीम देते है। दोनों ही बच्चों को सोसायटी द्वारा माल्यार्पण कर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया व उज्जवल भविष्यके लिए दुआएं की गई। इस मौके पर सोसायटी के पदाधिकारी हाजी मंगतु खाँ, से.नि.ए एस.पी. नियाज मोहम्मद गहलोत, प्रिंसीपल हासम खां खीची, इसहाक बेग से.नि. एएओ, एम.एन. कुरैशी से.नि. बैंक प्रबंधक, इदरीश गहलोत, आमीन खां सीटीआई, हनीफ शेख, नासिर ठेकेदार, लियाकत अली एएसएम, सगीर खां हाजी व मोहल्ला नरह डियान के अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

ट्यूबवैल का शिलान्यास

चूरू (निसं)। वार्ड नंबर 54 में विधायक कोटे से स्वीकृत ट्ययूबवेल का शिलान्यास रविवार शाम जिलामंत्री श्रीराम सैनी व मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र राकसिया ने नारियल फोड़ कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांवरमल बालाण ने की। इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष ओमसिंह शेखावत, महामंत्री गोगराज सैनी, बुथ अध्यक्ष निरंजन स्वामी, लालाचंद, ताराचंद खडोलिया, कानाराम, विजय जोशी, रामचन्द्र सैनी, फुलचंद, सम्पत दर्जी, रमेश, गणेश सैनी, देवप्रकाश कटारिया, राहुल सैनी, अजय सैनी, राजकुमार हारित, राजकुमार नाई, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे। वार्ड में ट्ययूबवेल बनने से वार्डवासियों को पानी की किल्लत से निजात मिलेगी। इस दौरान वार्ड वासियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व वार्डवासियों का मंडल उपाध्यक्ष आकाश सैनी ने आभार व्यक्त किया।

जिला कलेक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों, फ्लैगशिप योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल, सीएम जनसुनवाई एवं बजट घोषणाओं से संबंधित सभी प्रकरणों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा पिंक लेटर के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, पशुपालन, रोजगार एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को अपने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने पर खनिज विभाग के सहायक खनिज अभियन्ता प्रमोद बरवाला को नोटिस जारी करने के साथ ही चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले की बजट घोषणाओं, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता, और जनसेवा की भावना से कार्य करें।

स्वच्छता एवं पौधारोपण को प्राथमिकता:- जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि माई ऑफिस पोर्टल पर साफ-सफाई, कार्यालयों की टंकी की सफाई, श्रमदान और पौधारोपण से संबंधित फोटो अपलोड की जाएं। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान व हरियालों राजस्थान अभियानों के अंतर्गत पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदवाकर, पौधारोपण कर उसकी फोटो पोर्टल पर समय रहते अपलोड करवाना सुनिश्चित की जाए।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

लंबित योजनाओं और प्रकरणों पर विशेष निर्देश:- जिला कलेक्टर शर्मा ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए रसद विभाग को एनएफएसए अपीलों का निस्तारण करने, ऊर्जा विभाग को कुसुम योजना, आरडीएसएस, राजीविका को लाडो प्रोत्साहन योजना, एमजेएसए, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), ग्रामीण, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसे प्रमुख कार्यक्रमों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई।

जिला कलेक्टर शर्मा ने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत सिंगल प्लास्टिक यूज बंद करवाने के संबंध में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियत्रंण मंडल के साथ समन्वय कर शहर में ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों के बाहर गीला व ठोस कचरा डालने के लिए कचरा पात्र रखने, कचरा पात्र नहीं रखने वालों के विरूद चालान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानदार नगर परिषद में पॉलिथीन जमा करवाकर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे कपड़े के बैग प्राप्त करें तथा

- **खनिज विभाग के सहायक अभियन्ता को नोटिस जारी करने के साथ ही चार्जशीट जारी करने के निर्देश**

वितरित करवाने में नगर परिषद का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकूलर इकोनोमी अंतर्गत प्राप्त सूखें-गीले कचरें को अलग-अलग कर जीवनपयोगी बनाने व उससे राजस्व सृजित करने पर जोर दिया जाए। मानसून के दौरान अधिक से अधिक नगर परिषद से रियायती दर पर खाद का वितरण किया जाए और गीला कचरा व सूखा कचरा अलग-अलग नहीं करने वालों के विरूद्ध चालान बनाने की कार्यवाही की जाये।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत पुलिस विभाग, आईसीडीएस, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौधारोपण करने के साथ ही जल संरक्षण शपथ भी दिलवाई जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, एडीएम शहर भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, डीटीओ तारचंद बंजारा, संयुक्त निदेशक कृषि रामनिवास पालीवाल सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

'हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं के साथ अडिग रहें'

रतनगढ़ (निसं)। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् की स्थानीय इकाई द्वारा स्थानीय श्री दुर्गाप्रसाद धानुका आदर्श विद्या मंदिर परिसर में विधार्थी परिषद् के पूर्व नगर अध्यक्ष रामगोपाल इन्दौरिया के निधन पर परिषद् कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। परिषद् के कार्यकर्ताओं ने इन्दौरिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके आश्रुपुरित श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए परिषद् के पूर्व जिला प्रमुख ओम महर्षि ने कहा कि गुरूजी हर परिस्थिति में अपने कार्यकर्त्ता के निर्णय के साथ अडिग रहे। वो हमेशा कहते थे कि जिस कार्यकर्त्ता को हमने नेतृत्व दिया है उसे निर्णय का अधिकार भी देना चाहिए। किसी परिस्थिति में निर्णय गलत भी हो सकता है। लेकिन कार्यकर्त्ता को किसी भी स्थिति में कमजोरी महसूस नही होनी चाहिए।

महर्षि ने कहा कि समय की पाबन्दी, सुचिता, हंसमुख चेहरा एवम उम्र के हर पडाव पर युवा जीवन गुरूजी के जीवन शैली में झलकता था। परिषद् कार्य के साथ सामाजिक जीवन में कार्य कैसे करें इसका पाठ गुरूजी ने हम सब कार्यकर्ताओं को सिखाया है। जीवन भर उनके बताये गये मार्ग पर चलने का प्रयास करके ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। गुरूजी हमेशा हम सब कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा को एडवोकेट बजरंग गुर्जर,जयप्रकाश तामडायत, कन्हैयालाल चौमाल, राजेन्द्र सिंह बिदावत, गोपाल महर्षि, मदनलाल कम्मा, महेश जोशी, कृष्णकांत लाटा, अशोक स्वामी, राजेश जोशी आदि ने भी सम्बोधित किया।

रास्ते के समाधान की मांग को लेकर विधायक ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को सुजानगढ़ रेल्वे स्टेशन से लाडनूं बाईपास रोड का हिस्सा रेलवे को दिये जाने के निर्णय से उत्पन्न स्थिति को लेकर सोमवार को सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल ने जिला कलेक्टर के नाम एडीएम अर्पिता सोनी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से विधायक मनोज मेघवाल ने बताया कि चूरू एडीजे कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुये पीडब्लूडी विभाग सुजानगढ ने निर्णय लिया कि सुजानगढ़ रेल्वे स्टेशन के सामने की जमीन को शामिल करते हुये बस स्टेण्ड होते हुये लाडनूं बाईपास सडक की 3.5 मीटर चौडाई तक की जमीन को रेल्वे को सरेण्डर करेगा। ज्ञापन में बताया कि उपरोक्त रास्ता रियासत काल का है, जिसमें बाद में सडक का निर्माण किया गया था तथा उसके बाद यह एनएच 65 का हिस्सा हो गया। यह रास्ता हाईवे के पास चला गया, परन्तु बाद में रेल्वे ने इस सडक पर आपत्ति कर इसकी जमीन को सुपर्द करने का दावा कर दिया।

सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने जिला कलेक्टर के नाम एडीएम अर्पिता सोनी को ज्ञापन सौंपा।

इस बीच एनएच ने बाहर से नया बाईपास निकाल दिया और इस सडक को छोड दिया तथा यह सडक पीडब्लूडी के अधिकार क्षेत्र में आ गई तथा कोर्ट में पीडब्लूडी पक्षकार बन गई। परन्तु पीडब्लूडी विभाग द्वारा सही पैरवी नहीं करने के कारण निचली अदालत का फैसला रेल्वे के पक्ष में चला गया, जिस पर पीडब्लूडी ने हाईकोर्ट में निर्णय के विरूद्ध अपील नहीं करने का निर्णय किया है और उक्त जमीन को रेल्वे को सुपुर्द करने का फैसला किया है। उनके इस फैसले से आने वाले समय में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पडेगा, शहर में और कोई वैकल्पिक रास्ता भी नहीं है, जहां से आवागमन हो सके। सालासर और छापर रोड से शहर में आने का एक मात्र सुलभ रास्ता यही है, जो बंद हो जायेगा तथा शहर दोनों तरफ के रास्ते से कट जायेगा।

अत: विधायक मेघवाल ने ज्ञापन के माध्यम से जनहित के मुद्दे को देखते हुये प्रशासन से आग्रह किया है, कि आप पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर उच्चाधिकारियों से वार्ता कर कोर्ट के निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती देवें व इसके खिलाफ अपील दायर करें। इसके साथ ही राज्य सरकार व रेलवे से वार्ता कर इसका कोई समाधान करने का प्रयास करें। जिससे आवागमन की सुचारू व्यवस्था हो सके और आमजन को होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। इस अवसर पर कांग्रेस के शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, नगर अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, पूर्व देहात ब्लॉक अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल, उप सभापति अमित मारोठिया, जिला प्रवक्ता इदरीस गौरी आदि रहे।

कांग्रेस की बैठक आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में रविवार को कांग्रेस द्वारा 10 को सीकर में होने वाली संविधान बचाओ सभा को लेकर विधायक हाकम अली खान के मुख्य आतिथ्य व देहात ब्लॉक अध्यक्ष झाबरमल धायल की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में सभा के लिए बनाए गए देहात प्रभारी डॉ. कुलदीप ढाका शहर प्रभारी अल्ताफ रंगरेज ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभा को लेकर रूपरेखा तैयार की व फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं के सीकर पहुंचने पर चर्चा की गई। मीटिंग में प्रधान प्रतिनिधि महिपाल नेहरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष गफ्फूर खान, कांग्रेस नगर अध्यक्ष छोटेलाल माहीच, उप सभापति प्रतिनिधि अजय रिणवा, एसी मोर्चा देहात अध्यक्ष परसाराम गुडेसरिया, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मुस्ताक काजी, पार्षद रफीक भाटी, असगर ठेकेदार, शौकत पीर, निशार लुहार, सादिक पीर, अजीज खत्री, असगर अली, अजीज शेख, परसराम बीबीपुर, रामस्वरूप गढ़वाल, गणेशराम रोलन, रफीक भाटी, सुरेंद्र महिचा, इकबाल लुहार, जुनैद तगाला, सद्दाम खान, फरदीन सोलंकी, जीवराज खोटिया सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जांच शिविर आज

झुंझुनूं, (निसं)। दूकिया हॉस्पिटल में 10 जून मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक नि:शुल्क पीएसए जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला ने बताया कि जिन की उम्र 50 साल से अधिक है या बार-बार पेशाब आने की समस्या, एक बार में पेशाब पूरा ना आना आदि की जांच करवाएं।

फुले फिल्म को तीन शो में प्रदर्शित किया

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित टाउन हॉल में 9 जुन 2025 को जिला ओबीसी वेलफेयर सोसायटी चुरु एवं राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा तहसील इकाई चुरु के संयुक्त तत्वावधान में फुले फिल्म को तीन शो में प्रदर्शित किया गया। चुरु जिले के सर्वसमाज के लोग तीनों शो में बड्डी तादाद में आये। महिलाओं, युवाओं और बालिकाओं में इस फिल्म के प्रति जबरदस्त उत्साह और तेज नजर आया। आज के शो की विशेषता यह रही कि प्रत्येक शो के लिए 450/450के पास बांटे गए थे परन्तु हर शो में 550के लग भग दर्शकों की उपस्थिति रही। अपनी पाठशाला के 300 बच्चे सुबह का शो देखने के लिए आए सभी बच्चों को नाश्ता वितरित किया गया। फिल्म प्रदर्शन के साथ-साथ दर्शकों को बीजों के किट भी विपरीत किए गए। 10 जून 2025 को भी फिल्म के तीन शो प्रदर्शित किए जाएंगे। फिल्म के प्रदर्शन के साथ-साथ कल भी बीजों के किट वितरित किए जाएंगे। बीजों के किट निशुल्क घरेलू सब्जियों के किट दिए जाएंगे। व्यवस्था में निम्न कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजकुमार चिडदिया, शीशराम माहिच,मुनीराम शिला, हंसराज सावा, सुभाष जिनोलिया, ताराचंद पापटान, ओंकारमल सैनी, संवताराम बरौड, सुभाष सैनी , बैजूराम जांगिड, कैलाश चंद्र बरौड, विजय भाटी, अशोक जांगिड, रामचंद्र जांगिड, कन्हैयालाल प्रजापत, ओम प्रकाश तंवर, नरेंद्र सैनी एडवोकेट बार अध्यक्ष चुरू, सुरेंद्र सिंह शेखावत एडवोकेट पूर्व बार अध्यक्ष, गुलजारीलाल सैनी, कन्हैयालाल राक्षिसयां, प्रहलाद प्रजापत, भारत प्रजापत, चानणमल सैनी, लालचंद निमेल, रामेश्वर प्रजापति रामसरा एडवोकेट, राधेश्याम स्वामीरि तहसीलदार, चंद्रमोहन सैनी, गिरधारीलाल तंवर, भंवरलाल सैनी, हरिकिशन जांगिड, प्रभुदयाल सिंगोदिया आदि।

सांसी समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

झुंझुनूं, (निसं)। कलेक्ट्रेट पर सोमवार को एक बार फिर सांसी समाज के लोगों ने सांसी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सवाई सिंह मालावत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। दरअसल सांसी समाज के लोगों का आरोप है कि उदयपुरवाटी के समीप नांगल पहाड़िला गांव में सालों से सांसी और भोपा समाज के लोग टोल के पास एक श्मशान भूमि में अपने परिजनों के निधन के बाद अंतिम संस्कार करते आ रहे है।

लेकिन पिछले करीब एक सप्ताह से वहीं के एक अन्य समाज के लोग श्मशान भूमि को खुर्द बुर्द करने में लगे हुए है। इन लोगों ने जेसीबी और ट्रेक्टर के जरिए पूर्व में किए गए अंतिम संस्कार की निशानियों को नष्ट कर दिया। वहीं अब धमकी दे रहे है कि नीची जाति के लोगों को इस श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार नहीं करने देंगे। प्रदेश अध्यक्ष सवाई सिंह मालावत ने बताया कि इस मामले में पूर्व में भी सांसी और भोपा समाज के लोगों ने अलग-अलग आकर अपनी पीडा कलेक्टर के सामने रखी थी। कलेक्टर ने आश्वस्त भी किया था। परंतु उदयपुरवाटी तहसीलदार किसी प्रभाव में आकर सालों से जिस श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उसे खुर्द बुर्द करने में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से जल्द श्मशान भूमि में चल रहा कार्य रोका नहीं किया और मामला सुलझाया नहीं गया तो आंदोलन किया जाएगा। मालावत ने कहा कि सांसी और भोपा समाज के लोगों को 10-15 फुट का अलग रास्ता दे दिया जाए। लेकिन दोनों ही समाज के लोग इसी श्मशान भूमि में अपने परिजनों का निधन होने के बाद अंतिम संस्कार करेंगे। उन्होंने बताया कि कलेक्टर को इस मामले में जल्द समाधान करना चाहिए। ऐसा ना हो कि हमारे किसी परिजन का निधन हो और हम उसका शव लेकर सडक पर बैठें।इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, महेश, मुकेश, राकेश, दिलीप, दादूराम भोपा, कालूराम भोपा सहित बडी संख्या में प्रभावित समाज के लोग मौजूद थे।

'केन्द्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाया'

चूरू (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा चलाया जा रहा संकल्प से सिद्वी कार्यक्रम के तहत सोमवार को भाजपा जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित बनाने के लिए कार्य किया स्वदेशी तकनिक स्किल इंडिया और देश के संसाधनों का समूचित उपयोग कर केन्द्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की और कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होने विश्वास व्यक्त किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित देश बनाने का जो सपना देखा है संभव है जिस रूप में सरकार कार्य कर रही है। देश इस समय सीमा से पूर्व विकसित राष्ट्रो की गिनती में शामिल हो जाये।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ का आव्हान किया कि वे सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करे जिससे शासन की सारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुचे। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुए प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था चोथे नम्बर की अर्थव्यवस्था है यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कडी मेहनत का परिणाम है यह नया भारत है। जो किसी को छेड़ता नही परन्तु छेडने पर किसी को छोड़ता नहीं उन्होने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सभी महिलाओं के स्वाभिमान से जोड़ते हुऐ कहा कि इससे देश की नारी शक्ति में विश्वास जागृत हुआ है और जिस रूप में भारतीय सेना ने अपना शौर्य और पराक्रम दुश्मन के खिलाफ दिखाया है इससे सभी देशवासियों में सेना के प्रति सम्मान और बढ़ा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान किया है। नारी को सम्मान देकर उसे समुचित अधिकार देना इस सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होने सभी कार्यकर्ताओ से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इन नितियों को लेकर आमजन तक पहुचे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षो में देश स्वावलंबी बनने की और अग्रसर हो रहा है। उन्होने कहा कि सरकार ने गांव गांव ढाणी ढाणी तक विकास योजनाओं को पहुचाया है। जिसका परिणाम है देश को अपनी सरकार पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गहरा विश्वास है देशवासी यह मानते है कि देश सुरक्षित हाथो में है इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, खेमाराम मेघवाल, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

उदघोषणा (इस्तहार)
न्यायालय सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, राजगढ़ जिला चूरू (राजस्थान)
प्रकरण संख्या सन
सुरेन्द्रसिंह बनाम सर्वसाधारण
बाद योषित किए जाने सिविल डेथ।
नोटिस बनाम-सर्वसाधारण आम वा खास
सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध वादी ने अपने सगे भाई गोरधनसिंह पुत्र रतनसिंह जाति राजपूत निवासी सिद्धमुख तहसील सिद्धमुख जिला चूरू की सिविल डेथ घोषित करवाने हेतु इस न्यायालय में एक वाद संस्थापित किया है। इसलिए हर आम व खास राजस्थान व भारत सरकार के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वे इस वाद में कोई अपना किसी भी प्रकार का कोई हित रखते है तो वे इस न्यायालय में तारीख 03 माह 07 सन् 2025 को दिन में समय 10:00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होकर स्वंय या अपने प्लीडर के द्वारा अपनी आपति व उजर प्रस्तुत करे अन्यथा आपके खिलाफ एक पक्षीय व आपको बिना सुने उक्त वाद का फैसला कर दिया जावेगा। यह नोटिस दिनांक 30 माह 05 सन् 2025 को मेरे हस